हिन्दी व्याकरण

पाठ– 6(कारक)

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो–

(क) कारक किसे कहते हैं?

उत्तर– संज्ञा और सर्वनाम शब्दों के साथ लगाए गए जो चिन्ह वाक्य में आए शब्दों से या क्रिया से उस शब्द का संबंध प्रकट करते हैं वह कारक कहलाते हैं।

(ख) कारक के कितने भेद होते हैं? सभी के नाम उनके चिह्नों सहित लिखो।

उत्तर– हिंदी में कारक आठ प्रकार के होते हैं

कारक	**विभक्ति चिह्न**
कर्ता	ने
कर्म	को
करण	से, द्वारा
संप्रदान	के लिए
अपादान	से (अलग होने के अर्थ में)
संबंध	का, की, के आदि।
अधिकरण	में, पर
संबोधन	हे!, अरे!, आदि

(ग) करण कारक किसे कहते हैं?

उत्तर– कता जिस साधन के द्वारा कार्य करता है उसे करण कारक कहते हैं

(घ) अपादान कारक किसे कहते हैं?

उत्तर– जिससे कोई वस्तु अलग हो उसे अपादान कारक कहते हैं।

(ङ) अधिकरण कारक किसे कहते हैं?

उत्तर– जो शब्द क्रिया के बनने या होने का आधार हो उसे अधिकरण कारक कहते हैं।

2. वाक्यों में प्रयुक्त कारक चिह्नों को रेखांकित करो तथा उनके नाम लिखो–

वाक्य	**कारक का नाम**
(क) माली पौधों को सींचता है।	कर्मकारक
(ख) कोयल पेड़ पर बैठी है।	अधिकरण कारक
(ग) हे ईश्वर! मेरी रक्षा करो।	संबोधन कारक
(घ) प्रिया पेंसिल से चित्र बनाती है।	अपादान कारक
(ङ) राजा गरीब को वस्त्र देता है।	कर्मकारक

3. रिक्त स्थानों की पूर्ति उपयुक्त कारक चिह्नों को चुनकर करो–

(क) मेरे पिता जी **का** स्वभाव विनम्र है।

(ख) ताजमहल आगरा **में** स्थित है।

(ग) फल स्वास्थ्य **के लिए** लाभदायक है।

(घ) अवनीश साँप **से** डरता है।

(ङ) **शाबाश!** तुमने तो कमाल कर दिया।

4. दिए गए प्रश्नों में सही विकल्प पर (✓) का चिह्न लगाओ–

(क) संप्रदान कारक का चिह्न है–

(अ) में (ब) के लिए ✓ (स) से

(ख) क्रिया के आधार का बोध होता है–

(अ) कर्म कारक (ब) अधिकरण कारक ✓ (स) करण कारक

(ग) हिंदी में कितने कारक होते हैं?

(अ) सात (ब) आठ ✓ (स) नौ